CIN-NO-UT4999RJ2020PTC0679.
UN NO-200022186
Title Code-RAJHIN27921

# मरूधर विशेष

वर्षः 1 अंकः 45 | हिन्दी | प्रातः कालीन | जयपुर, शुक्रवार, 23 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ :4 | मूल्यः 2 रुपए

**छोटी-बड़ी खबरे...**

## 5 अक्टूबर तक जेल में रहेंगे पार्थ चटर्जी

**सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज की; बंगाल एसएससी भर्ती घोटाला में काट रहे सजा**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एसएससी भर्ती घोटाले मामले में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को 5 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने बुधवार को चटर्जी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। चटर्जी के साथ तीन लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इनमें बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गांगुली, स्कूल सेवा आयोग के पूर्व सचिव अशोक साहा और इसके पूर्व सलाहकार एसपी सिन्हा शामिल हैं। सीबीआई ने गांगुली को 15 सितंबर को गिरफ्तार किया था।

### पार्थ को 16 सितंबर को रिमांड में भेजा गया था

चटर्जी को स्पेशल कोर्ट ने 16 सितंबर को बुधवार तक सीबीआई रिमांड में भेजा था। एजेंसी ने अदालत से कहा था कि शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में चटर्जी से अभी पूछताछ बाकी है। कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई मामले की जांच कर रहा है। चटर्जी और उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को ईडी ने गिरफ्तार किया था। एसएससी भर्ती घोटाले में ईडी जांच कर रही है।

**पंजाब में आप सरकार बनाम गवर्नर**

## राज्यपाल के इनकार के बाद सीमए ने 27 सितंबर से विधानसभा सेशन बुलाया

**चंडीगढ़।** पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार और गवर्नर बीएल पुरोहित के बीच जंग शुरू हो गई है। गवर्नर ने कल अचानक पंजाब विधानसभा सेशन रद्द कर दिया। जिससे यहां विश्वासमत साबित करने के बहाने ताकत दिखाने की तैयारी कर रही 'आप' भड़क गई। पहले 'आप' के विधायकों की सीएम भगवंत मान की अगुआई में मीटिंग हुई। जिसके बाद उन्होंने विधानसभा से गवर्नर हाउस तक रोष मार्च निकाला।

**पीएफआई पर एनआईए-ईडी का शिकंजा, 106 गिरफ्तार**

# दावा- आतंक फैलाने के लिए कट्टरपंथी बनाते, पैसे से लेकर ट्रेनिंग का इंतजाम करते

**नई दिल्ली।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने गुरुवार आधी रात से 13 राज्यों में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कई ठिकानों पर छापेमारी की, जो अब तक जारी है। टेरर फंडिंग केस में हो रही इस कार्रवाई में पीएफआई से जुड़े 106 सदस्यों को अरेस्ट किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गिरफ्तार होने वालों में संगठन प्रमुख ओमा सालम भी शामिल है। एनआईए के 300 अफसर सर्च ऑपरेशन में शामिल थे। एनआईए के सूत्रों ने बताया- 5 मामलों में 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये पीएफआई नेता, कैडर आतंकवाद और आतंकवादी गतिविधियों के लिए पैसे, हथियार चलाने के ट्रेनिंग देने वाले लोग हैं। ये लोगों को प्रतिबंधित संगठनों में शामिल होने के लिए कट्टरपंथी बनाने का काम करते थे। एनआईए और ईडी की यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, असम, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, पुडुचेरी और राजस्थान में चल रही है। इधर, कार्रवाई के बीच गृह मंत्रालय में गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हाई लेवल मीटिंग हुई। मीटिंग में एनएसए अजीत डोभाल, गृह सचिव अजय भल्ला और एनआईए के महानिदेशक मौजूद रहे।



### छापेमारी के विरोध में सड़क पर उतरे पीएफआई कार्यकर्ता

एनआईए, ईडी छापेमारी खिलाफ पीएफआई के कार्यकर्ता केरल के मल्लपुरम, तमिलनाडु के चेन्नई, कर्नाटक के मंगलुरु में सड़कों पर उतर आए हैं। केरल में कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम भी किया, जिसे हटाने के लिए पुलिस ने हल्का बलप्रयोग किया। इधर, पीएफआई ने बयान जारी करते हुए कहा है कि आवाज दबाने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है। सेंट्रल एजेंसी हमें प्रताड़ित कर रही है।

### क्यों पड़ी छापेमारी, 3 वजहें...

1. **राज्यों में टेरर फंडिंग करने का आरोप-** एनआईए अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और हैदराबाद में आतंकी गतिविधि बढ़ाने के लिए भारी संख्या में टेरर फंडिंग की गई है।
2. **ट्रेनिंग कैंप लगाने का आरोप-** सूत्रों के मुताबिक एनआईए को सूचना मिली कि कई राज्यों में पिछले कुछ महीनों से पीएफआई बड़े स्तर पर ट्रेनिंग कैंप लगा रही है।
3. **फुलवारी शरीफ का लिंक-** जुलाई में पटना के पास फुलवारी शरीफ में मिले आतंकी मॉड्यूल को लेकर भी छापेमारी की गई है। फुलवारी शरीफ में पीएफआई के सदस्यों के पास से इंडिया 2047 नाम का 7 पेज का डॉक्यूमेंट भी मिला था।

**कांग्रेस अध्यक्ष की रेस में अब 5 नाम**

# गहलोत-थरूर के बाद कमलनाथ व मनीष तिवारी की चर्चा, दिग्विजय सिंह भी सोनिया गांधी से मिलेंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के लिए अब दावेदारों की संख्या बढ़ने लगी है। पहले ऐसा लग रहा था कि राहुल गांधी के नाम पर सहमति बन जाएगी, लेकिन शशि थरूर और बाद में अशोक गहलोत के चुनाव लड़ने की चर्चाओं के बीच अब दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व केंद्रीय मंत्री समेत तीन नए नाम और सामने आ रहे हैं। इनमें मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी शामिल हैं। सूत्रों के [illegible] पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात कर सकते हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में खुद को भी दावेदार बताया था। इधर मनीष तिवारी से जुड़े करीबी सूत्रों ने बताया कि वे पार्टी के स्टेट डेलिगेट्स से मिलने के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र में गए थे। ये स्टेट डेलिगेट्स चुनाव में वोटर हैं। अध्यक्ष पद के हर उम्मीदवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के का चुनाव लड़ने के लिए 10 डेलिगेट्स की जरूरत होती है। ये डेलिगेट्स ही उम्मीदवार के नाम को प्रस्तावित करते हैं।



### अब बारी-बारी से इन 5 चेहरों को जान लीजिए...

#### 1. जी-23 ग्रुप का हिस्सा हैं मनीष तिवारी

मनीष तिवारी कांग्रेस के उस जी-23 ग्रुप का हिस्सा हैं, जिन्होंने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर पार्टी में सुधार की मांग की थी। इस साल 26 अगस्त को जी-23 समूह के सदस्य गुलाम नबी आजाद ने कांग्रेस की संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया को तमाशा और दिखावा करार देते हुए इस्तीफा दे दिया था। तिवारी पंजाब के श्री आनंदपुर लोकसभा सीट से सांसद हैं। सूत्रों के मुताबिक, तिवारी 24 सितंबर को दिल्ली पहुंच रहे हैं। दिल्ली में ही वे अपने समर्थकों से चर्चा करेंगे।

#### 2. एआईसीसी के महासचिव रह चुके हैं दिग्विजय सिंह

राज्यसभा सांसद और मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (AICC) के महासचिव रह चुके हैं। साथ ही मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रह चुके हैं। बुधवार को NDTV को दिए एक इंटरव्यू में दिग्विजय सिंह ने राहुल गांधी से अध्यक्ष पद संभालने की अपील की थी।

#### 3. एआईपीसी के चेयरमैन हैं शशि थरूर

पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर केरल के तिरुअनंतपुरम से लोकसभा सांसद हैं। वे ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं। वे कांग्रेस के जी-23 नेताओं में से एक हैं। 19 सितंबर को कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सोनिया से चुनाव लड़ने की इजाजत मांगी।

#### 4. कमलनाथ ने संभाली थी कांग्रेस महासचिव की जिम्मेदारी

कमलनाथ मध्य प्रदेश के सीएम रह चुके हैं। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से 9 बार सांसद रहे कमलनाथ मनमोहन सरकार में शहरी विकास मंत्री के तौर पर काम कर चुके हैं। वे कांग्रेस के महासचिव और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के भी रह चुके हैं।

#### 5. अध्यक्ष पद की रेस में गहलोत आगे

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम अध्यक्ष की रेस में सबसे आगे हैं। इस सिलसिले में उन्होंने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से बुधवार शाम दो घंटे बातचीत की। दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई, यह पता नहीं चल पाया है।

**25 सितंबर को खेला जाएगा मुकाबला**

## हैदराबाद में भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच की टिकट बिक्री के दौरान भगदड़ः भीड़ को काबू करने पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**हैदराबाद।** हैदराबाद स्टेडियम में गुरुवार को भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टी-20 मुकाबले की टिकट बिक्री के दौरान भगदड़ मच गई। इसमें कई लोगों के घायल होने की खबर है। यह मैच 25 सितंबर को होना है। इसकी टिकट बिक्री आज सुबह 10 बजे शुरू होनी थी। टिकट खरीदने के लिए बुधवार रात 3 बजे से ही क्रिकेट फैंस स्टेडियम के बाहर पहुंचने लगे।



सुबह होते ही भीड़ इतनी ज्यादा बढ़ गई कि उसे काबू करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा, जिसके बाद भगदड़ मच गई।

### हैदराबाद में 3 साल बाद इंटरनेशनल मैच

हैदराबाद के फैंस लंबे समय से इंटरनेशनल मैच का इंतजार कर रहे हैं। यहां करीब 3 साल बाद इंटरनेशनल मुकाबला होने जा रहा है। हैदराबाद में पिछला इंटरनेशनल मैच दिसंबर 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला गया था। वह मैच भी टी-20 फॉर्मेट में था। कुछ फैंस ने हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन पर टिकट बिक्री में धांधली के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि सभी टिकट की बिक्री नहीं की जा रही थी। एक फैन ने कहा, 'जब हमने अपने मनचाहे स्टैंड का टिकट मांगा तो बताया गया कि सिर्फ 850 रुपए और 1200 रुपए के टिकट ही उपलब्ध हैं। ऐसे कैसे हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने सिर्फ इतने ही टिकट बिक्री के लिए रखे? इसमें कोई पारदर्शिता नहीं है। हम एचसीए से जवाब चाहते हैं।' इससे पहले भी कटक में टिकट बिक्री के दौरान भगदड़ मच चुकी है। इसी साल 12 जून को बाराबती स्टेडियम में भारत-साउथ अफ्रीका सीरीज के दूसरे टी-20 मैच की टिकट बिक्री के दौरान भी भगदड़ मची थी। यहां दो महिलाओं का लड़ते हुए वीडियो भी वायरल हुआ था।

# हृदय रोग के इलाज की नवीनतम तकनीकों पर चर्चा करेंगे देशभर के नामी विशेषज्ञ



### कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया की राजस्थान शाखा की ओर से 24 से जयपुर में नेशनल कांफ्रेंस

मरूधर विशेष

**जयपुर।** तेजी से बढ़ते हृदय रोग में इंटरवेंशन प्रोसीजर या नॉन सर्जिकल ट्रीटमेंट में नए एडवांसमेंट पर चर्चा करने के लिए देशभर के नामी हृदय रोग विशेषज्ञ जयपुर में एकत्रित होने जा रहे हैं। कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया की राजस्थान शाखा की ओर से आगामी 24 और 25 सितंबर को नेशनल कॉन्फ्रेंस 'राज सीएसआईकॉन 2022' आयोजित की जा रही है जिसमें अलग-अलग राज्यों से 500 से अधिक कार्डियोलॉजिस्ट शामिल होंगे। गुरुवार को एसएमएस अस्पताल में हुई प्रेस वार्ता में आयोजकों ने यह जानकारी दी।
कांफ्रेंस के आर्गनाइजिंग चेयरमैन व सीनियर कार्डियक प्रोफेसर डॉ. एस.एम. शर्मा ने बताया कि, होटल मैरियट में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा व चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया करेंगे। इस दौरान लाइफ स्टाइल, बीपी, शुगर से होने वाली हार्ट डिजीज के साथ साथ हार्ट की विभिन्न जटिलताओं व उनके नवीनतम उपचार पर चर्चा होगी। आयोजन सचिव डॉ. सीबी मीणा ने बताया कि दो दिनों में जन्मजात हृदय रोग, वाल्व की खराबी, बिना ओपन सर्जरी वाल्व रिपलेसमेंट, हार्ट अटैक, हार्ट फैलियर, सडन कार्डियक अरेस्ट, कोरोनरी आर्टरी डिजीज जैसे तमाम हृदय रोगों व इलाज की अत्याधुनिक तकनीकों पर नई जानकारी साझा की जाएंगी। इस दौरान सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. आरके मधोक और डॉ. एसपी मित्तल को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

सीएसआई राज के अध्यक्ष डॉ. एसके कौशिक और एसएमएस मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल व कॉन्फ्रेंस के साइंटिफिक चेयरमैन डॉ. राजीव बगरहट्टा ने जानकारी दी कि विभिन्न सत्रों में हृदय रोगों से संबंधित नए शोधों पर पत्रवाचन, स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज, हार्ट फैलियर, कोलेस्ट्रोल रिस्क, रूमेटिक हार्ट डिजीज, सीएडी, आरएचडी, अरह्यिया आदि पर व्याख्यान होंगे। नए हार्ट स्टेंट, हार्ट डिजीज में नई डिवाइस आदि की जानकारी भी दी जाएगी। को-आर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि इस दौरान कुछ प्रेजेंटेशन भी दिए जाएंगे जिसमें एक्सपर्ट पैनल द्वारा चर्चा की जाएगी।

**राजस्थान के डेढ़ करोड़ उपभोक्ताओं पर बिजली संकट**

# बिना सूचना के पावर कट कर रहा विभाग; त्योहारों पर बढ़ेगी परेशानी

**जयपुर।** राजस्थान में त्योहारी सीजन पर बिजली कटौती की नौबत आ सकती है। दरअसल, राज्य के पास एक बार फिर कोयला खत्म हो गया है और 2062 मेगावाट बिजली बनाने की 9 यूनिट बंद हो चुकी हैं। प्रदेश में सितंबर में प्रतिदिन पीक आवर्स में अधिकतम बिजली की खपत 15 हजार मेगावाट को पार कर चुकी है। सूत्रों के मुताबिक राजस्थान को सारे प्रयासों के बाद सिर्फ 12500 मेगावाट बिजली ही रोजाना मिल रही है। अभी भी तकरीबन ढाई हजार मेगावाट बिजली की किल्लत रोज है। छत्तीसगढ़ में राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (RVUNL) को अलॉट कोल माइंस पारसा ईस्ट एंड कैंटे बासन कोल ब्लॉक में कोयला खत्म हो गया है। इस कारण 9 रैक यानी



36000 मीट्रिक टन कोयला आना भी बंद हो गया है।

कोयले की सप्लाई में हुई इस कमी के कारण करीब 2000 मेगावाट बिजली प्रोडक्शन इससे प्रभावित होगा। ट्रेन की एक रैक में 4000 मीट्रिक टन कोयला आता है। प्रदेश के सभी 6 थर्मल प्लांट्स में केवल 11 दिन का ही कोयला स्टॉक बचा है। यह कोयला फ्यूल के तौर पर बिजली घरों की पावर यूनिट्स को चलाने के काम आता है। केंद्र की गाइडलाइंस है कि 26 दिन का कोयला स्टॉक होना चाहिए। लेकिन पिछले 1 साल से ज्यादा वक्त से राजस्थान में केंद्रीय गाइडलाइंस का भी उल्लंघन हो रहा है। दीपावली का त्योहारी सीजन आ रहा है। राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड की असेसमेंट रिपोर्ट में साल 2022-23 में प्रदेश में बिजली की पीक आवर्स में डिमांड 17757 मेगावाट तक पहुंचने का अनुमान है। जबकि उपलब्ध कैपेसिटी 12847 रहने का अनुमान है। इस आधार पर 4910 मेगावाट बिजली की कमी पड़ेगी। माना जा रहा है कि इस त्योहारी सीजन में डिमांड 17700 मेगावाट तक पहुंच सकती है। कोयला सप्लाई और बिजली प्रोडक्शन के हालात नहीं सुधरे तो, प्रदेश के लोगों को बड़े पावर कट का सामना करना पड़ सकता है।

# राजस्थान में मानसून फिर एक्टिवः चूरू में बिजली गिरी, धौलपुर में 4 इंच बारिश; एक-दो दिन तेज बरसात का अलर्ट

**जयपुर।** राजस्थान के पश्चिमी हिस्से से भले ही मानसून विदा हो गया हो, पूर्वी राजस्थान के कई इलाकों में अब भी अच्छी बारिश हो रही है। ऐसा बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर सिस्टम बनने के कारण है। भरतपुर, जयपुर, कोटा और उदयपुर संभाग के 12 से ज्यादा जिलों में कल भी बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस सिस्टम का असर अगले 2 दिन और रह सकता है। इसके कारण इन इलाकों में बरसात का दौर जारी रहेगा। चूरू जिले की तारानगर तहसील के गांव चलकोई में बुधवार को बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से ससुर-बहू घायल हो गए। इस दौरान खेत में बैठी करीब 20 से ज्यादा बकरियों की मौत हो गई।
मौसम केंद्र जयपुर से मिली रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बरसात धौलपुर में हुई, जहां 119 एमएम (4 इंच से ज्यादा) पानी बरसा। तेज बारिश से धौलपुर कस्बे में जगह-जगह पानी भर गया। धौलपुर शहर के अलावा राजाखेड़ा, सैंपऊ, बसेड़ी और मनिया एरिया में भी अच्छी बरसात हुई। तेज बारिश का दौर भरतपुर, करौली में भी देखने को मिला। यहां 2 से 3 इंच तक बरसात हुई। उधर, गुरुवार सुबह से जयपुर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर के अलावा अजमेर संभाग के कई जिलों में बादल छाए रहे।



### इन जिलों में हुई बरसात

राजस्थान में पिछले 24 घंटे के दौरान धौलपुर, भरतपुर के अलावा उदयपुर, सीकर, चूरू, कोटा, सवाई माधोपुर, झुंझुनूं, जयपुर, डूंगरपुर, दौसा, बारां, बांसवाड़ा और बारां जिले के कई हिस्सों में बारिश हुई। अलवर में कई जगहों पर एक से दो इंच तक बारिश होने से सड़कों पर पानी भर गया। भरतपुर में भी उच्चैन, बयाना, कुम्हेर एरिया में तेज बरसात दर्ज की गई।

**केलोंग का न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री पहुंचा**

# हिमाचल की चोटियों पर ताजा बर्फबारी, मनाली-लेह हाईवे बंद; सुबह से तेज बारिश जारी

**शिमला।** हिमाचल के जनजातीय जिला लाहौल स्पीति, किन्नौर और चंबा के पांगी की ऊंची चोटियों पर ताजा बर्फबारी हुई है। अटल टनल के नॉर्थ पोल की चोटी पर भी हल्की बर्फ गिरी है। लाहौल घाटी के बारालाचा टॉप पर 3 इंच से ज्यादा बर्फबारी दर्ज की गई है। इससे मनाली-लेह नेशनल हाईवे-003 दूसरे दिन भी वाहनों की आवाजाही के लिए बंद पड़ा है। राजधानी शिमला समेत प्रदेश के कई क्षेत्रों में आज सुबह से ही बारिश हो रही है। इससे तापमान में भी हल्की गिरावट दर्ज की गई है। खासकर अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में इससे सर्दी का एहसास होना शुरू हो गया है। केलोंग का न्यूनतम तापमान गिरकर 5.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है जो सामान्य से 2.1 डिग्री कम है। कुकुमसेरी के तापमान में 4 डिग्री से भी ज्यादा की गिरावट दर्ज की है।

### 24 घंटे में सोलन में सबसे ज्यादा 50 मिलीमीटर बारिश

बीते 24 घंटे के दौरान सोलन में सबसे ज्यादा 50 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। श्री रेणुका जी में 43 मिलीमीटर, नाहन में 37 मिलीमीटर, कांगड़ा में 27.5 मिलीमीटर, शिमला में 31.2 मिलीमीटर, चंबा में 23 मिलीमीटर और मनाली में 28 मिलीमीटर बारिश हो गई है।



### 28 सितंबर तक खराब रहेगा मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार प्रदेश में अगले 28 सितंबर तक मौसम खराब बना रहेगा। इस दौरान कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश भी हो सकती है। खासकर 24 और 25 सितंबर को कुल्लू के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। 24 सितंबर को दोपहर बाद कुल्लू के आनी क्षेत्र और 25 सितंबर को आनी, मनाली व पच्छाद क्षेत्र में भारी से अति भारी बारिश का रेड अलर्ट दिया गया है।

### आज इन क्षेत्रों में ऑरेंज अलर्ट

आज, यानी 22 सितंबर के लिए चंबा के किलाड़ और किन्नौर के कल्पा क्षेत्र में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। 23 सितंबर को आनी में दोपहर बाद ऑरेंज अलर्ट रहेगा। 25 सितंबर को प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बारिश का पूर्वानुमान है।

## वर्धमान स्थानकवासी संघ द्वारा दीक्षार्थी की निकाली गई जयकार यात्रा



बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ।** श्री वर्धमान स्थानकवासी संघ कुशलगढ़ द्वारा दीक्षार्थी भाई श्री प्रांशुक जी काठेड और दीक्षार्थी भाई श्री अंचलजी श्रीश्रीमाल के कुशलगढ़ आगमन पर आयंबिल भवन से दीक्षार्थी भाई की भव्य जयकार यात्रा निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मार्ग नीलकंठ महादेव मंदिर, मुख्य चौराहा, सदर बाजार, नेहरू मार्ग, श्री केसरियानाथ श्वेतांबर जैन मंदिर, गांधी चौक होते हुए ओसवाल नोहरा पहुंचा। प्रचार मंत्री विशाल गादिया ने बताया कि श्रीसंघ द्वारा ओसवाल नोहरा में सामूहिक चौबीसी एवं बहूमान का आयोजन किया गया। श्री संघ के श्रावक श्राविकाओ द्वारा दीक्षार्थी व माता पिता का बहुमान किया गया। यश खाबिया, उमेश मित्र मंडल अध्यक्ष अमित लुणावत, धर्मदास गण महामंत्री राजेंद्र गादिया, अखिल भारतीय युवा संगठन अध्यक्ष नीरज मूणत, श्रीसंघ अध्यक्ष रजनीकांत खाबीया आदि ने शब्दो द्वारा दीक्षार्थी का स्वागत किया। तत्पश्चात दीक्षार्थी भाई श्री प्रांशुक जी काठेड और दीक्षार्थी भाई श्री अंचलजी श्रीश्रीमाल ने अपने विचार व्यक्त कर दीक्षा मे श्रीसंघ सहित पधारने हेतु आमंत्रित किया व मांगलिक पाठ का वाचन किया। संचालन महामंत्री प्रशांत नाहटा ने किया। ये जानकारी विशाल गादिया ने दी।

## मंत्री जूली ने ऋण आवेदन के लिए अनुजा निगम के ऑनलाइन पोर्टल का किया शुभारम्भ



मरुधर विशेष युवराज शर्मा

**अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री टीकाराम जूली ने आज नेहरू सहकार भवन स्थित सभागार में राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड (अनुजा निगम) के ऑनलाइन पोर्टल का वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ऋण आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने हेतु शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज से वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी, विशेष योग्यजन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति ऋण हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। पोर्टल पर अब सारा डाटा जनाधार से फेच किया जाएगा जिससे अन्य दस्तावेज अपलोड करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि आवेदन स्वीकृत होने के पश्चात् राशि सीधे आवेदनकर्त्ता के खाते में डीबीटी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने से पारदर्शिता आएगी। आज सूचना तकनीक के युग में वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग को पेंशन, छात्रवृति आदि सुविधाएं सीधे उनके खाते में मिल रही है। उन्होंने अनुजा निगम द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे ऋण एवं आर्थिक सहायता योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया, ताकि अंतिम छोर पर बैठा व्यक्ति लाभान्वित हो सके। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के विकास एवं उत्थान हेतु मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने 500 करोड़ रुपये के अनुसूचित जाति विकास कोष का गठन किया है। इस अवसर पर जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष श्री पुखराज पाराशर, राजस्थान राज्य अन्य पिछडा वर्ग वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष श्री पवन गोदारा, राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष श्री शंकर यादव, राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के उपाध्यक्ष श्री अवधेश दिवाकर बैरवां, महाप्रबंधक अनुजा निगम श्री रामअवतार मीणा तथा निगम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बानसूर में बिजली विभाग की बड़ी कार्यवाही




मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

**बानसूर -** स्थानीय बिजली विभाग द्वारा की गई कार्यवाही के दौरान कस्बें में 7 लाख 50 हजार रूपये की बकाया राशि वसूली सहित 15 कनेक्शन काटे। बानसूर में बिजली विभाग ने बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया। विभाग ने बानसूर शहर में बकाया चल रहे 15 उपभोक्ताओ के बिजली कनेक्शन काटे। कनिष्ठ अभियंता पीके सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सहायक अभियंता सी एस मीणा के नेतृत्व में बिजली विभाग ने कार्यवाही करते हुए शहर के 15 उपभोक्ताओं की बिजली बिल की राशि बकाया चल रहीं थीं। जिस पर विभाग ने बडी कार्यवाही करते हुए 15 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे।साथ ही उपभोक्ताओं से 7 लाख 50 हजार रुपए की रिकवरी भी वसूल की । कनिष्ठ अभियंता पीके सिंह ने बताया कि आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 24-26 सितंबर तक आयोजित होगा तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार

### मा. राज्यपाल उत्तर प्रदेश, मा. राज्यपाल राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री समेत देश-विदेश के ख्यातिलब्ध विद्वान होंगे शामिल

गोरखपुर मंडल ब्यूरो संजय विश्वकर्मा की रिपोर्ट

**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर तीन दिवसीय "राष्ट्रीय चेतना उत्सव"(24-26 सितंबर) विषयक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का हाईब्रिड मोड में आयोजन किया जा रहा है।

कुलपति प्रो राजेश सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल, राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ सहित देश विदेश के विद्वान हिस्सा लेंगे।

कुलपति ने कहा कि 24 सितंबर को सेमिनार का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी श्री सुनील बी देवधर के द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में राज्यसभा सांसद शिवप्रताप शुक्ल, पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश राजेंद्र सिंह 'मोती' तथा पृथ्वीराज सिंह भी शामिल होंगे।

कुलपति ने बताया कि 25 सितंबर को राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ भी संगोष्ठी की शोभा को बढ़ाएंगे और संबोधित करेंगे। गोरखपुर के सांसद श्री रवि किशन समेत कई विश्वविद्यालयों के कुलपति भी संगोष्ठी में सहभागिता करेंगे।

26 सितंबर को समापन सत्र की अध्यक्षता राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की ओर से की जाएगी। इस अवसर पर समाजसेवी श्रीमती तेजस्विनी अनंत कुमार तथा इतिहास संकलन समिति के डॉ बालमुकुंद पांडेय भी मौजूद रहेंगे।

### देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं पूर्व कुलपति भी लेंगे हिस्सा

पूर्व कुलपति प्रो एचसीएस राठौर, प्रो मनोज दीक्षित, प्रो जी सीआर जायसवाल, पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो निर्मला मौर्य, महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप शर्मा, प्रो ईश्वर शरण विश्वकर्मा, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा आयोग भी आयोजन में हिस्सा लेंगे। दक्षिण केंद्रीय विश्वविद्यालय बोधगया के कुलपति प्रो केएन सिंह अमरकंटक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एसपीएम त्रिपाठी तथा छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय पाठक संगोष्ठी में ऑनलाइन शामिल होंगे।

### पांच सेक्टर पर आधारित होगा सेमिनार

अंतरराष्ट्रीय सेमिनार पांच सेक्टर पर आधारित होगा। हर सेक्टर में पांच से छह सत्र होंगे। पांच सेक्टर में शामिल है छह संकल्प विजन 2047, पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद: मानव विकास के लिए एक वैश्विक विचार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय: राज्य और धर्म, सेक्युलरवाद पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय: तथ्य और भ्रांतियां, राज्य, समाज और आर्थिक लोकतंत्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय

### आयोजित होगी छायाचित्र प्रदर्शनी

सेमिनार को यादगार बनाने के नजरिए से पंडित दीनदयाल उपाध्याय को समर्पित छायाचित्र प्रदर्शनी के साथ साथ सेमिनार के एब्सट्रैक्ट की भी प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

### जयपुर उत्तर में संपत्ति संबंधी अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहै अभी तक के विशेष अभियान में पुलिस थाना विद्याधर नगर की सबसे बड़ी चोरी की वारदातों का खुलासा

# वाहन चोरी नकबजनी एवं चोरी का माल खरीदने वाली गैंग के पांच मुलजिम गिरफ्तार, जयपुर शहर की 19 लंबित वारदातों का किया खुलासा

### थाना शास्त्री नगर से लाखों रुपए की हुई नकबजनी को भी इन्हीं अभियुक्तों ने किया था अंजाम

### मुलजिमान के कब्जे से चोरी के 9 दुपहिया वाहन हुए 8 नकबजनी की वारदातों का चोरी का माल छत्र ,सिंहासन सही साडे 5 किलो चांदी की बरामगी

### मुलजीमान सर्वप्रथम दुपहिया वाहन चोरी कर उसी वाहन से सूने मकानों में करते थे रेकी । रेकी कर देते थे वारदात को अंजाम





मरूधर विशेष/क्राइम रिपोर्ट/महावीर सिंह चौहान



डीसीपी नार्थ पेरिस देशमुख

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर श्री परिस देशमुख ने बताया कि जयपुर उत्तर क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरियों व मंदिरों से दानपात्र ओर मूर्तियों के आभूषण की चोरियों की लगातार बढ़ती वारदातों पर रोकथाम व चोरी करने वाले मुलजिमन की गिरफ्तारी हेतु जिला जयपुर उत्तर में संपत्ति संबंधी अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत उक्त अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर श्री धर्मेंद्र सागर के निर्देशन एवं सहायक पुलिस आयुक्त शास्त्री नगर श्री महेंद्र कुमार गुप्ता के सुपर विजन में श्री वीरेंद्र कुरील पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना विद्याधर नगर के नेतृत्व में मदनलाल सहायक उप निरीक्षक ,मदन सिंह सहायक उप निरीक्षक ,गिरधारीलाल कॉन्स्टेबल, मुकेश कॉन्स्टेबल , मामराज कॉन्स्टेबल , दीपक कुमार ,मंजीत कॉन्स्टेबल ,मोहनलाल कॉन्स्टेबल की एक टीम गठित की गई । थाना स्तर पर गठित टीम द्वारा मुलजिमो की तलाश हेतू वारदातों के घटनास्थल व आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई । दौरान तलाश माल मुलजीमान हेतु गठित टीम के सदस्य कॉन्स्टेबल मामराज द्वारा वारदातों को अंजाम देने वाले संदिग्ध शख्सों को चिन्हित कर चोरी किए गए सामान का बंटवारा करने स्थान की सूचना प्राप्त की जिस पर थाना से अन्य जाब्ता भिजवाया जाकर समीर शेख उर्फ चांद पुत्र मोइनुद्दीन जाति मुसलमान उम्र 22 साल निवासी 264 इमाम चौक श्रीराम टीला कच्ची बस्ती सना बाई के मकान के पास थाना भट्टा बस्ती जयपुर दूसरा सलमान उर्फ काली पुत्र मुख्तार अली जाति मुसलमान 19 साल निवासी बंजारा कच्ची बस्ती बड़ी मस्जिद के सामने दूसरी गली आंधी का मकान हसनपुरा सदर जयपुर तीसरा अफजल उर्फ टेबलेट पुत्र शब्बीर गुड्डू उम्र 20 साल जाति पठान मुसलमान निवासी किराएदार आर के होटल के पास ,पुराने चुने के भट्टे के पास पप्पू भाई का मकान थाना भट्टा बस्ती जयपुर को चोरी के माल का बंटवारा करते समय में दबोचे ने में सफलता प्राप्त की । उक्त मुलजीमान वारदात बाद चोरी के माल को आपस में बांट लेते थे व चोरी के सामान को सुजानगढ़ चूरू जयपुर के जानकारों के माध्यम से बेचते थे अनुसंधान से आपराधिक षडयंत्र में शामिल मुलजिम मोहम्मद सफी पुत्र सलाउद्दीन जाति मुसलमान उम्र 53 साल निवासी मुस्तबा मस्जिद के पास वार्ड नंबर 10 पुलिस थाना छपरा जिला चूरू व चोरी का माल खरीदने वाले मुलजिम आर नारायण सोनी पुत्र राजकुमार सोनी उम्र 31 साल निवासी कॉल वाल मंदिर वार्ड नंबर 13 पुलिस थाना कोतवाली सुजानगढ़ चूरु को गिरफ्तार किया गया । मुलजिमान द्वारा जून माह से अब तक काफी वारदातों को अंजाम दिया गया जिसमें 18 वारदातों का खुलासा किया जा चुका है मूल्यवान से विस्तृत अनुसंधान व पूछताछ जारी है



सहायक आयुक्त उत्तर महेंद्र गुप्ता व थानाधिकारी विधाधर नगर वीरेंद्र कुरील

### वारदात करने का तरीका

मुलजीमान आला दर्जे के नकबजन है जो सर्वप्रथम वारदातों को अंजाम देने से पहले दुपहिया वाहन चोरी करते हैं उस चोरी किये वाहन से वारदातों को अंजाम देते हैं । एक चोरी में किए गए वाहन से दो से तीन वारदातों को अंजाम देते और नई मोटरसाइकिल जो पवार बाइक होती है उसको चोरी करते ओर पुरानी चोरी की गई मोटरसाइकिल छुपा कर रख देते हैं । तथा वाहन बदल बदल कर वारदातों को अंजाम देते हैं वारदात के दौरान किसी मकान में जाग होने पर कमरे का दरवाजा बंद कर बाहर से कुंडी लगा देते हैं । चोरी के माल को आपस में बांट लेते हैं वह चोरी के सामान को सुजानगढ़ चूरू कोटा में जयपुर में जानकारों के माध्यम से बेच देते गिरफ्तारसुधा मूलजीम समीर शेख उर्फ चांद गैंग का लीडर है जिसके खिलाफ 25 आपराधिक प्रकरण दर्ज है, जो जेल से बाहर आते ही नये शख्स के साथ मिलकर वारदात करने में लग जाता है

### इनको पकड़ने में गठित टीम का विवरण

मदनलाल सहायक उप निरीक्षक ,मदन सिंह सहायक उप निरीक्षक, देवीलाल हेड कांस्टेबल ,कैलाश चंद्र हेड कांस्टेबल ,गिरधारी लाल कॉन्स्टेबल ,मुकेश कॉन्स्टेबल मामराज कॉन्स्टेबल ,चंदन कॉन्स्टेबल, मनजीत कॉन्स्टेबल ,दीपक कुमार कॉन्स्टेबल, मोहनलाल कॉन्स्टेबल, रजत कॉन्स्टेबल, मनोज कॉन्स्टेबल व तकनीकी सहायक पुलिस उपायुक्त कार्यालय जयपुर उत्तर की टीम रही ।

# जिला अध्यक्ष संजय सिंह नरूका ने भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया

मरुधर विशेष रुपेश शर्मा

भाजपा अलवर दक्षिण के द्वारा यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस सेवा पखवाडा (छठे दिन) इन्विटेशन गार्डन, मोती डूंगरी अलवर पर जिला स्तरीय प्रदर्शनी लगायी गई जिसमें जिलाध्यक्ष संजय सिंह नरूका ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की चित्र पर माल्यापर्ण किया तथा मोदी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस पर मनाये जा रहे सेवा पखवाडा के अन्तर्गत प्रधानमंत्री जी के जीवन के अनछूये पहलुओं को संजोती प्रदर्शनी में मोदी जी के जीवन वृतान्त को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। भाजपा अलवर दक्षिण जिला उपाध्यक्ष व सेवा पखवाडे के जिला प्रभारी प्रमोद विजय ने बताया कि माननीय नरेन्द्र मोदी जी की ओर से 12 वर्ष गुजरात के मुख्यमंत्री एवं गत 8 वर्षों से लगतार देश के प्रधानमंत्री के रूप में किये गये अभूतपूर्व जनहित के कार्यों को इस प्रदर्शनी में संजोया गया है। यह प्रदर्शनी प्रत्येक भारतवासी को उनके राष्ट के प्रति निष्ठा व ईमानदारी का परिचय करवाती है।




इस प्रदर्शनी को अलवर जिले के सेकडो की संख्या में आमजन व भाजपा कार्यकर्ताओं ने अवलोकन कर माननीय प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। सेवा पखवाडा के तहत आज भाजपा एस.टी. मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्याम सुन्दर मीणा ने बूद्ध विहार कांजी हाऊस अलवर में गौसेवा कर, सेडियम हाई फ्लोराइड का छिडकाव करवाया। मालाखेडा मण्डल अध्यक्ष अशोक तिवाडी द्वारा मालाखेडा में गायों को औषधियुक्त लड्डी खिलाये, तथा पिनान मण्डल अध्यक्ष भजनलाल व महामंत्री भाग्यशाली सैनी ने पिनान में पौधारोपण का कार्य किया। सेवा पखवाडे के तहत आज भाजपा के सभी मण्डलों में गौसेवा व पौधा रोपण किया गया। उपरोक्त कार्यक्रमों में सेवा पखवाडे के संयोजक प्रमोद विजय, सह संयोजक सीताराम किराड़ जिले के उपाध्यक्ष राजेन्द्र कसाना, जिला मंत्री हेमन्त गुप्ता, विष्णू शर्मा, रामजस चौधरी, शिवचरण डायरेक्टर, नेहरू मीणा, हरकेश मीणा, जगदीप मीणा, लोकेश मीणा, पूर्व सरपंच बिरजू सरपंच, एस.टी. मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष ओम प्रकाश मीणा, बूथ अध्यक्ष अनील शर्मा आदि शामिल रहे।

## आरक्षण को सफल बनाने के लिए सैनी समाज की बैठक आयोजित हुई

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

**बानसूर** कस्बा स्थित कोठावाली ज्योतिराव संस्था के भवन में गुरूवार को सैनी समाज आरक्षण महापंचायत की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सैनी समाज द्वारा बताया की 25 सितम्बर को प्रदेश स्तर के आह्वान पर कोटपूतली में होने वाली सैनी ,माली, कुशवाह, मौर्म आदी सम्पूर्ण सैनी समाज की महापंचायत श्री नारायण मैरीज गार्डन डाबला रोड़ कोटपूतली में प्रातः 11 बजे आयोजित होगी। जिसमें समाज की 11 सूत्रीय मांगों के समर्थन में राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम स्थानीय एसडीएम को मांग पत्र सौंपा जाएगा। जिसमें कोटपूतली सैनी समाज ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का निर्णय लिया भी लिया है। इस महापंचायत को कोटपूतली सैनी समाज का एक प्रतिनिधि मंडल गुरूवार को बानसूर के कोठावाली ज्योतिराव संस्था के भवन में आकर समाज की बैठक ली। जिसमें कोटपूतली से फूले बिग्रेड के प्रदेश अध्यक्ष रामसिंह सैनी, हनुमान प्रसाद सैनी, दुर्गा प्रसाद सैनी, पूर्व चेयरमैन प्रकाश सैनी, जगदीश, खेमजी, पूर्व सरपंच रामकुवार सैनी पधारे। वहीं बानसूर सैनी समाज के पूर्व डीईओ पांचूराम सैनी, पूर्व अध्यापक अमीचन्द सैनी, धर्मचन्द सैनी, रामधन सैनी, हजारी लाल सैनी, ठेकेदार निरंजन लाल सैनी ने इस मौके पर अपने अपने विचार रखें। इस अवसर पर तारा चन्द सैनी, सुरेश सैनी, एडवोकेट किशोरी लाल, विजय सैनी, अध्यापक पूर्ण सैनी, सहित समाज के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## हिन्दी पखवाड़े के अन्तर्गत कवि गोष्ठी का आयोजन




मरुधर विशेष युवराज शर्मा

अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला अलवर द्वारा आज दिनांक 22 सितम्बर 2022 को दोपहर 12 बजे एन ई बी स्थित सरस्वती सभागार में हिन्दी पखवाड़े के अन्तर्गत कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें साहित्य परिषद अलवर के जिलाध्यक्ष कवि प्रवेन्द्र पण्डित ने "भारत मां की प्यारी हिन्दी, कहते सभी हमारी हिन्दी, अनगिन कंठ सतत दोहराते, हम सब की महतारी हिन्दी" कविता पढ़कर हिन्दी भाषा के प्रति समर्पण भाव प्रस्तुत किया। कवि गोकुल राम दिवाकर ने "अंकुर वृक्ष बनो तो जानू" कविता द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों व युवाओं को साहित्य व देश सेवा हेतु संदेश दिया। साहित्य परिषद की उपाध्यक्ष मधु यादव ने अपनी कविता के माध्यम से उपस्थित युवावर्ग व नवांकुरों को शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में गुरुजनों के प्रति सम्मान के भाव को बल दिया। परिषद के जिला कार्यक्रम संयोजक जितेन्द्र गोयल ने, अपनी रचना द्वारा मातृभाषा के लिए सदैव सम्मान की बात कही, ये जो भाषा हिंदी है भारत मां के भाल की बिंदी है रचना सुनाई शिक्षाविद एन सी शर्मा ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुमित शर्मा ने, हिन्दी को राष्ट के स्वाभिमान की संज्ञा दी। इस अवसर पर, सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी आरती, यंशु, टिया, कोमल, हेमा, संध्या एवं तनिषा द्वारा भी हिन्दी विषय पर शानदार काव्यपाठ किया गया, जिनको साहित्य परिषद के आगामी कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जावेगा। कार्यक्रम में गुलशन चौधरी, सोनिया चौधरी, एवं शिवानी शर्मा, की विशेष उपस्थिति रही।

## नेहरू मीणा को भाजपा एसटी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर किया गया स्वागत सत्कार




मालाखेड़ा (सतीश कुमार चौधरी)

22 सितंबर 2022 को मालाखेड़ा मंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़े के तहत एसटी मोर्चा द्वारा वृक्षारोपण कार्य एवं लंपी वायरस से ग्रसित गौ माताओं पर हाइपोक्लोराइट का छिड़काव व औषधीय लड्डू खिलाए गए इस अवसर पर अलवर दक्षिण भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं सेवा पखवाड़े के जिला संयोजक प्रमोद विजय एवं एस.टी. मोर्चा अलवर दक्षिण के जिलाध्यक्ष डॉ श्याम सुंदर मीणा एवं जिला मंत्री विष्णु शर्मा उपस्थित रहे इस अवसर पर अलवर दक्षिण के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष श्री नेहरू मीणा व नवनियुक्त एसटी मोर्चा मालाखेड़ा के मंडल अध्यक्ष हरकेश मीणा का तुलसीराम की बगीची पर मंडल अध्यक्ष मालाखेड़ा अशोक तिवारी के नेतृत्व में मीटिंग करके पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया तथा इस अवसर पर मीणा समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा नवनियुक्त एसटी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नेहरू मीणा का सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा एस.के.आयरन स्टोर मालाखेड़ा पर भव्य स्वागत किया गया तथा अतिथियों का भी भव्य स्वागत किया गया मंडल अध्यक्ष अशोक तिवारी ने बताया इससे एस.टी. समाज में पार्टी मजबूत होगी इस अवसर पर एस.टी. मोर्चा नागौर के जगदीश मीणा ,मंडल महामंत्री रामजस चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा देवी ,पंचायत समिति सदस्य शिवचरण शर्मा, युवा मोर्चा के त्रिलोक जोशी ,राजीव प्रजापत एवं कार्यकर्ता रामपाल मीणा, श्रीपाल मीणा ,कैलाश मीणा, कोठारी के बास के मांगीलाल मीणा ,ताराचंद मीणा, विनोद मीणा ,लोकेश मीणा, लीला राम मीणा, सुरेश मीणा, मोली मीणा पंच, मुंशी मीणा ,देशराज मीणा ,रवि यादव ,विजय मीणा, आदि गणमान्य जन भी मौके पर मौजूद रहे

# धर्म प्रचार में जुटी भक्ति प्रकृति सेवा संस्थान



मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी

**कठूमर ।** कुरूक्षेत्र सनातन धर्म प्रचार में लगी भक्ति प्रकृति सेवा संस्थान केंद्र शाखा कुरुक्षेत्र ने ब्रह्म सरोवर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, बालाजी धाम, शीश के दानी प्रभु के मंदिर चुलकाना धाम पहुंच कर हिंदू धर्म का प्रचार किया और हरि कीर्तन के माध्यम से अधिक से अधिक धार्मिक स्वयं सेवको को जुडने का आब्हान किया। कुरुक्षेत्र में संस्थान की संयोजिका एवं अध्यक्ष अरूषि मित्तल ने बताया संस्थान का उदेश सनातन धर्म अनुसार प्रत्येक व्यक्ति इंसान भक्ति भाव से जुडे और ईश्वरी भागवत कथा, जागरण से जुडे और आचरण करें। संस्थान जन सहयोग से समय समय पर कथा कीर्तन गो सेवा के कार्य करता है। समाज सेविका कुसुम राणा, प्रोमिला राणा, सतीश कुमार ने बताया भागवत कथा और धार्मिक कार्यो से संस्कारित समाज का निर्माण होता है। जिससे विश्व शांति का उदय होगा।

# युवती के साथ सामूहिक बलात्कार, मामला दर्ज




मरुधर विशेष आमिर खान कामां

**कामां –** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती के साथ सामूहिक बलात्कार करने व उसकी अश्लील वीडियो फोटो बनाने का मामला पीडिता की मां ने गांव के ही नामजद तीन जनों के खिलाफ दर्ज कराया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीडिता की मां ने मामला दर्ज कराते हुए कहा कि है वह 7 सितम्बर को जयपुर गई हुई थी। और उसकी पुत्री घर अकेली थी कि 7 सितम्बर की रात्रि को ही गांव के ही बरसान पुत्र समून मेव,इकराज पुत्र हाजर मेव व साद खा पुत्र हनीफ उर्फ हन्नी मेव ने उसकी पुत्री को सरकारी स्कूल के समीप बुलाकर बलात्कार किया। जिसपर 18 सितम्बर को उसकी मां के जयपुर से लौटने पर पुत्री ने आपबीती बताई। रिपोर्ट में कहा है कि सात माह पूर्व वह अपने बोरिंग खेत पर मां के लिए खाना लेकर गई थी कि सरसों के खेत में उक्त तीनों आरोपियों ने बारी बारी से बलात्कार किया। तथा उसकी अश्लील फोटो व वीडियों बना ली। तथा आरोपियों के द्वारा पीडिता की फोटो वीडियों वायरल करने की धमकी देते रहे। जिसपर पीडिता की मां ने यहां के थाने में आरोपीयों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

# ठग ने एक व्यक्ति के खाते से निकाले एक लाख रूपए,मामला दर्ज

मरुधर विशेष आमिर खान कामां

**कामां–** कामां क्षेत्र के ठग ने एक व्यक्ति के खाते से दो बार एक लाख रूपए निकालने का मामला प्रकाश में आया है। जिसपर पीडित ने कामां थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि कामां थाने के गांव गढ़ी धिलावटी निवासी जाकिर हुसैनपुत्र रजाक मेव ने मामला दर्ज कराते हुए बताया कि उसका खाता डीग कस्बा स्थित एचडीएफसी बैंक में है। जिसमें एक लाख दो हजार रूपए जमा थे।बीस सितम्बर की रात करीब साढ़े आठ बजे मोबाइल पर दो बार पचास पचास हजार रूपए निकालने के मैसेज आए है। जिसपर पीडित ने बैंक से रूपए निकालने का मामला दर्ज कराया है।

# जायन्ट्स सेवा सप्ताह के तहत स्टेशनरी का किया वितरण



मरुधर विशेष आमिर खान कामां

**कामां।** जायन्ट्स सप्ताह के तहत छठें दिन जायन्ट्स ग्रुप ऑफ महिला ज्योति कामवन द्वारा सेवा कार्य जारी रखते हुए कामां के राजकीय सीनियर बालिका विद्यालय में प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययनरत लगभग 100 बालक बालिकाओं को आवश्यकता अनुसार स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्रुप की सदस्याओं ने बालिका विद्यालय पहुँच कर आवश्यक स्टेशनरी का वितरण किया। विगत 17 सितम्बर से जायन्ट्स सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।वहीं ब्रज के दिव्य पर्वत पर मयूर चुग्गा घर हेतु चुग्गे की व्यवस्था ,वृक्षो की देखभाल,राजकीय अस्पताल में रोगियो को फल वितरण,श्री कृष्ण गोशाला कलावटा में लंपी बीमारी से बचाव हेतु ओषधीय लड्डुओं का वितरण आदि सेवा के कार्य किये गए।

# अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

मरुधर विशेष आमिर खान कामां

**कामां–** कैथवाडा थाना पुलिस ने अवैध हथियार के साथ वीडियो बनाकर वायरल करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।



कैथवाडा थानाधिकारी राम नरेश मीणा ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव रांफ निवासी देवेंद्र पुत्र बाबू जाटव ने एक अवैध हथियार 315 बोर की बंदूक के साथ गाना लगाकर अपनी वीडियो बनाकर स्वयं ही सोशल मीडिया पर वायरल की थी अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ वीडियो वायरल करने वाले युवक रांफ निवासी देवेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बिना लाईसेन्सी 315 बोर की अवैध बंदूक बरामद की गई है।

# इस्लामिया कालेज हादसे पर जीडीए के अधिकारियों ने साधी चुप्पी

## तीन के खिलाफ कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज

गोरखपुर मंडल ब्यूरो संजय विश्वकर्मा की रिपोर्ट/मनव्वर रिज़वी

**गोरखपुर।** इस्लामिया कालेज आफ कामर्स की निर्माणाधीन छत ढह जाने और एक मजदूर की मौत के बाद भी गोरखपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की नींद नही टूटी।

आपको बता दें कि छोटे से छोटे निर्माण के दौरान मौके पर पहुंचने वाले जीडीए के जेई और अन्य कर्मचारियों की नज़रों से पूरा कालेज परिसर कैसे बचा रहा यह ऐसा सवाल है जिसका जवाब हर किसी के पास होगा । जीडीए के ज़ोन 3 की ज़िम्मेदारी सम्भालने वाले जेई पद्माकर मिश्रा और एई अजीत कुमार से कॉलेज के मानचित्र स्वीकृति के बारे में जानकारी के लिए लगातार फोन करने के बावजूद भी इन अधिकारियों ने फोन रिसीव नही किया जबकि अन्य मामलों में इनका फोन तत्काल रिसीव हो जाता है। जेई पद्माकर मिश्रा के पास वर्तमान में जोन 3 के अतिरिक्त और भी कई क्षेत्रों का प्रभार है और वह हर छोटे से छोटे निर्माण पर पहुंच कर वहां मौजूद व्यक्ति को अपना मोबाइल नम्बर देते है है और बात करने को कहते हैं इसके बाद जब व्यक्ति जेई साहब से सम्पर्क कर लेता है तो उसका निर्माण कार्य फिर नही रुकता।

आपको बताते चलें कि ज़ोन 3 के अंतर्गत शहर की ज़्यादातर मंडियां और बाज़ार आते हैं। जहां बड़े बड़े कटरे और शापिंग काम्प्लेक्स भरे पड़े हैं जहां पैदल चलना भी मुश्किल होता है क्योंकि यहां पार्किंग के लिए निर्धारित जगहों पर भी दुकानो का निर्माण कर लिया गया है।

## मृतक के भाई की तहरीर पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

बुधवार को इस्लामिया कॉलेज ऑफ कॉमर्स में शटरिंग गिरने से हुए हादसे में मृतक राजू वर्मा के छोटे भाई ओमप्रकाश की तहरीर पर कोतवाली थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। कालेज के प्रबंधक शोएब अहमद प्रधानाचार्य जमाल अंसारी और मोहम्मद आमिर के खिलाफ कोतवाली थाने में अपराध संख्या 264/22 धारा 304, 288, 338 के अंतर्गत दर्ज किया गया।

## नियम कानून ताक पर रख इस्लामिया कालेज आफ कामर्स के कैम्पस में संचालित हो रहे हैं तीन कालेज

नियम और कानून को ताक पर रखकर इस्लामिया कॉलेज ऑफ कॉमर्स के कैंपस में तीन विद्यालयों का संचालन हो रहा है । सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल, माउण्ट हेरा इण्टरनेशनल एकेडमी का संचालन भी यही से हो रहा है जिनका कालेज परिसर में बाकायदा बोर्ड लगा हुआ है।

फिलहाल मुख्य आरोपी कालेज का प्रबन्धक शोएब अहमद पुलिस की गिरफ्त से दूर है जबकि प्रशासनिक कार्यवाही होना अभी बाकी है।

# बदमाशों ने ढाबा मालिक पर किया हमला

मरुधर विशेष / दिनेश लेखी

**कठूमर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी अकरी पुत्र मुंशी मीना उसके भाई के साथ पुरानी रंजिश को लेकर ढाबे पर बदमाशो ने झगड़ा किया।

अकरी ने बताया कि मैं और मेरा भाई गंजपुरा मोड़ टिटपुरी पर अपने मीना ढाबा पर थे। उसी समय ढाबे पर गाड़ी आकर रुकी जिसमें राजेश शर्मा निवासी हनुमंता जिसके हाथ में कटा था और नरेश उर्फ काली निवासी हनुमंता जिसके हाथ में धारदार बंकी की थी तैयब उर्फ काला निवासी चिरावल जिसके हाथ में बंकी थी सोनू उर्फ काली यादव निवासी राजगढ़ के पास गांव में रहता है।उदय सिंह जाट निवासी भवनपुरा के पास से लिया था भुवनेश निवासी हनुमंता, सुदामा शर्मा जिसके हाथ में हाकी था जो गाडी में से उतरे और आते ही कहा कि मीणा चोर तुम्हारी इतनी हिम्मत कि तुम हमें मीट नहीं खिलाते और दारू के लिए पैसा लेते हो आज तुम्हारा काम तमाम कर देंगे। सोनू उर्फ काली यादव ने मेरी छाती पर कट्टा लगा दिया और सभी ढाबे में घुसकर रामभरोसी के साथ बंकी व हॉकी से




मारपीट करने लगे इन लोगों ने रामभरोसी के दोनों पैरों में घुटने के नीचे व उंगलियों में बंधी की मारी नरेश ने रामभरोसी के सिर पर दाएं तरफ बंकी की मारी बायें तरफ हाथ में सुदामा ने हॉकी मारी कमर पर बाएं तरफ बंकी व शरीर पर जगह-जगह चोटें मारी तथा होटल पर खाना खाने वाले व्यक्तियों को राजेश ने कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। फिर रामभरोसी को मरा हुआ समझकर छोड़ कर बाहर आ गए और जाते समय मेरे अन्य लोगों के सामने कहा कि साले मीना हम से टकराने की मजा देख लिया राजेश ने ढाबें के अंदर रखे गले से ?3800 लूट लिए।और गालियां दी और जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर गाड़ी में बैठा कर भाग गए। इधर 16 सितंबर को भी तैयब और नरेश ने मीट व शराब की मांग को लेकर ढाबें पर आकर झगड़ा किया था। इसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंची 151 में गिरफतार कर न्यायालय में पेश किया।इसी रंजिश को लेकर मेरे भाई के साथ गंभीर मारपीट की है। घटना के बाद लेकर रामभरोसी को कठूमर थाने लेकर आये जहाँ से कठूमर हॉस्पिटल भेज दिया। हॉस्पिटल से अलवर सरकारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जो सरकारी अस्पताल में भर्ती है। उसकी हालत गंभीर है। इसीलिए थाना अधिकारी कठूमर को रिपोर्ट दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है।

# कर्मचारी समस्याओं के निराकरण को लेकर उपमहाप्रबंधक भिण्ड के साथ संविदा ठेका संघ इंटक के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न

अश्वनी अग्रहरी की रिपोर्ट

म.प्र.संविदा ठेका श्रमिक कर्मचारी संघ इंटक के बैनर तले संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय एल.के.दुबे जी के नेतृत्व में वाटरवर्कस भिण्ड वृत्त में बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वप्रथम शाखा भिण्ड के अध्यक्ष शुभकरण सिंह शेखावत जी द्वारा मंच संचालन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री दुबे जी का एवं सभी पदाधिकारियों का माल्यर्पण कर स्वागत किया तत्पश्चात सभी पदाधिकारियों ने संगठन को अपने अपने समस्याओं से अवगत करवाया गया एवं संगठन द्वारा भाजपा जनसंकल्प 2013 पृष्ठ 33 बिन्दु 6 में लिखे वादे के अनुरूप संविदा कर्मियों का नियमितीकरण करने
,आउटसोर्स कर्मियों का संविलियन अथवा संविदा नियोजित करने
पुरानी पेंशन बहाली को लेकर दीपाली पूर्व आन्दोलन का किया जारहा है जिसका सभी कर्मचारियों पूर्ण समर्थन किया साथ ही संगठन के द्वारा आन्दोलन को लेकर जो निर्देश जारी किये जायेगे उसी के अनुरूप सभी कर्मचारी एक जुट होकर शासन प्रशासन से लड़ने को तैयार है यह सपथ ली गई ,




इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री दुबे जी ने शाखा भिण्ड उपाध्यक्ष पद हेतु श्री शशीकान्त गोयल जी को मनोनीत किया गया,
तत्पश्चात संविदा ठेका संघ इंटक शाखा भिण्ड के अध्यक्ष शेखावत जी द्वारा उपमहाप्रबंधक भिण्ड को कर्मचारी समस्याओं के निराकरण हेतु एजेंडा दिया गया था जिसको लेकर भिण्ड वृत्त कान्फ्रेंस हाल में
दिये गये एजेंडे के अनुसार उपमहाप्रबंधक भिण्ड से सौहार्दपूर्ण वातावरण में बैठक की गई जिसमें कर्मचारियों को सेफ्टी किट उपलब्ध करवाने,हैण्डग्लोब्ज,डिस्चार्ज रांड, साप्ताहिक अवकाश देने, उपकेन्द्रों के मैन्टीनेंस,उपकेन्द्रों तक पहुंच मार्ग,ब्रिक्स कर्मचारियों को वेतन दिलवाने,आउटसोर्स कर्मियों के काटे गये वेतन त्वरित देने सहित अन्य मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई जिसमें उपमहाप्रबंधक द्वारा संगठन आश्वस्त किया की 15 दिवस के अन्दर उक्त मांगो का निराकरण कर संगठन को अवगत करा दिया जाएगा

संगठन द्वारा उप महाप्रबंधक के समक्ष दो कर्मचारियों (परीक्षण सहायकों) को मेडिकल में होते हुए भी अनैतिक रूप से सस्पेंड करने को लेकर बात रखी गई जिस पर उपमहाप्रबंधक द्वारा तत्काल उक्त कर्मचारियों को बहाल करने हेतु आश्वस्त किया गया
संगठन द्वारा उपमहाप्रबंध का आभार व्यक्त किया गया ।

# (केकेसी)अंसगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के आईटी सेल डिपार्टमेंट राजस्थान चेयरमैन दुष्यन्त सिंह गहलोत जल्द सक्रिय, ज़मीनी कार्यकर्ताओ को सगठन में देगे मौका

मरुधर विशेष युवराज शर्मा

**जयपुर/कोटा ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अंसगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के आईटी सेल डिपार्टमेंट राजस्थान प्रदेश चेयरमैन दुष्यन्त सिंह गहलोत ने कहा केकेसी राष्टीय अध्यक्ष डॉक्टर उदित राज एवं राष्टीय उपाध्यक्ष संजय गाबा एवं नेशनल आईटी सेल कोआडिनेटर अब्दुल रहीम ने सगठन को मजबूत करने के लिए लगातर देश के हर राज्य में दौरे कर कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारीयो के साथ सम्मेलन कर असगठित कामगारों को मजबूत करने का कार्य कर रही है ।असगठित कामगारों की आवाज बन सोशल मीडिया टीम उनके मुद्दों को सरकार के समक्ष रख कार्य करवाई गी। उन्होंने कहा असगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस का मिशन-2023,24 फतह करने के लिए सोशल मीडिया टीम का मजबूत होना जरूरी है। इसलिए कांग्रेस का अग्रिम सगठन केकेसी अपनी सोशल मीडिया टीम को और धारदार बनाएगी, ताकि केंद्र सरकार और भाजपा संगठन का हर मोर्चे पर घेराव किया जा सके।ओर देश मे फैलाई जा रही नफरत को रोक सके।

गौरतलब है कि देश मे कांग्रेस का सोशल मीडिया विभाग पर कांग्रेस के बड़े नेता से लेकर



सभी छोटे कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर भारत जोड़ो यात्रा को लेकर काफी सक्रिय नजर आर रहे है। ओर अपने अपने जिलो में तयारी पर लगे हुवे है ।गहलोत ने बताया कि असगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस को ओर मजबूत करने के लिए विधानसभा, जिला,ब्यूथ,ओर ब्लॉक पर नए सक्रिय कार्यकर्ताओ को जोड़ा जाए गा । ऐसे में असगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस देश मे सक्रिय भूमिका निभा रही है और सोशल मीडिया के मद्देनजर कांग्रेस अपनी सोशल मीडिया टीम को और धारदार बनाने जा रही है। यही वजह है कि पार्टी के अंसगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस की सोशल मीडिया टीम में जल्द एक्टिव कार्यकर्ता की नियुक्ति के नए और कड़े मापदंड तय किए गए हैं। इसके अनुसार सोशल मीडिया टीम में पद के इच्छुक युवा के पास ट्विटर एवं फेसबुक, इंस्टाग्राम पर सक्रिय अकाउंट होना जरूरी है।नेशनल आईटी सेल कोआडिनेटर अब्दुल रहीम ने कहा देश मे सोशल मीडिया टीम मजबूत बनाई जाए गी इस के लिए ।सोशल मीडिया पर जुड़ कर कार्य करने वाले कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी की फेसबुक पर न्यूनतम 4000 फ्रेंड/फॉलोअर, ट्विटर पर न्यूनतम 200 फॉलोअर, इंस्टाग्राम पर न्यूनतम 500 फॉलोअर और उसे अपने क्षेत्र के 100 से अधिक व्हाट्सएप ग्रुप का मेंबर होना चाहिए। इसके अलावा सोशल मीडिया विभाग में नियुक्ति के लिए इच्छुक व्यक्ति को रोजाना दो से चार घंटे का समय पार्टी को देना अनिवार्य रहेगा और फेसबुक, ट्विटर एवं इंस्टाग्राम पर हर रोज 5 से अधिक पोस्ट करना होंगी।केकेसी सोशल मीडिया को मजबूत और धारदार बनाने के साथ ही कांग्रेस संगठन का काम संभाल रहे नेताओं को मजबूत कर कांग्रेस का परचम लहराने की तैयारी केकेसी कर रही है।

# श्री श्याम नवयुवक मंडल की ओर से विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

मरुधर विशेष युवराज शर्मा

**अलवर।** श्री श्याम नवयुवक मंडल की ओर से 21 वा वार्षिक श्री श्याम वंदना महोत्सव के सफल आयोजन के उपलक्ष्य में श्री श्याम नवयुवक मंडल विवेकानंद चौक की ओर से गुरुवार को विशाल भंडारे का आयोजन गुरुद्वारा सिंह सभा अशोका टाकीज पर किया गया मण्डल के बॉबी नरूला ने बताया कि



बाबा का भंडारा दोपहर 12 बजे शुरू हुआ इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओ ने प्रसादी ग्रहण की इससे पूर्व सुबह 11 बजे बाबा की ज्योत जलाई ओर आरती की गई। इस अवसर पर नवयुवक मंडल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# कुशलगढ़ के गौ रक्षा समिति के युवाओं ने लम्पी वायरस से बीमार गौ की सैवा हेतु आयुर्वेदिक लड्डू बना कर वितरण किये

बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** कुशलगढ गौ रक्षा सेवा समिति के युवाओं ने लम्पी वायरस से बचाव हेतु आयुर्वेदिक पद्धति से लड्डू बना कर घर घर जा कर वितरण करना आरम्भ किया है। एवं गौ रक्षा सेवा समिति सदस्यो के साथ पशुचिकित्सक राहुल भारद्वाज द्वारा आस पास के गांवो मे सर्वे करके बीमार गायो की पहचान करने का कार्य किया जा रहा है। आर्युवेद लड्डू बनाने के लिए आम लोगो द्वारा सहयोग मिल रहा है। बीमार गायो के ईलाज के लिये चिकित्सको का सहयोग ले कर ईलाज भी उपल्ब्ध करवा रहे है। आर्थिक कमजोर गौ पालको को दवाईया भी उपलब्ध करवाई जा रही है। सेवा कार्य मे पशु चिकित्सक राहुल भारद्वाज और गौ रक्षा सेवा समिति सदस्यो शामिल है!




# अधिकारी नहीं देते किसानों की समस्या पर ध्यान

**बहादुर** नगर का ग्राम सभा पहुरावा कई सालों से इस गांव में पानी की कोई सुविधा नहीं है और एक नहर है अभी वह रजबहा में कहा गया है लेकिन रजबहा नहीं वह नाली बनी हुई है और हजारों सैकड़ों बीघा धान और गेहूं सरसों नहीं पैदा हो रहा। गरीब जनता पानी के मार से परेशान है यहां की जनता किसी तरह मजदूरी करके अपना पेट पाल रहे है। बछरावां लखनऊ रायबरेली मजदूरी करने जाती है बीवी बच्चे दूसरे के घर में काम झाड़ू पोछा करते हैं यहां शासन और प्रशासन से कई बार जांच भी हुई लेकिन कोई सुनवाई आज तो लुक नहीं हुई इसीलिए यहां पर कोई सुविधा नहीं हो पा रही है प्रधान से भी कहा गया लेखपाल से भी कहा गया नहर विभाग में भी एप्लीकेशन दी गई और कुछ सुनवाई नहीं हो पा रही है इस गांव के सहज राम पहुरावा कोरी विजय बहादुर पासी विजयपाल पासी रामदास को री रजीत पासी छेदा लाल पासी माता प्रसाद यादव देशराज मनीष अमित पासी कल्लू पासी रामकिशोर मंगल पासी छोटेलाल रामनरेश पासी चंद्रपाल सिंह ठाकुर बिठान पासी कलावती पासी कमला देवी सिंह ठाकुर सावरी डीन पासी रायबरेली शिवगढ़ ब्लॉक शिवगढ़ थाना रायबरेली ।

# मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज ने पशु चिकित्सा विभाग की सहायता से लम्पी वायरस की रोकथाम हेतु अपना दूसरा कैंप किया आयोजित

बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज ने लम्पी वायरस की रोकथाम हेतु अपना दूसरा कैंप बागीदौरा उपखण्ड की ग्राम पंचायत बारिगामा के गांव काकनवानी में आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सागरमल सोनी मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग बांसवाड़ा डॉ. नित्यानंद पाठक रहे। विशिष्ट अतिथि डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विजय सिंह भाटी, लम्पी त्वचा रोग जिला प्रभारी डॉ. विशाल मेहता, बारिगामा सरपंच ललिता रावत, नोडल अधिकारी डॉ.भरत खांट, डॉ. राहुल सोनी, डॉ. मंजीराम व भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष गांव करजी से खेमजी पाटीदार व कालूराम पाटीदार रहें। स्वर्णकार समाज के नवयुवक मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सोनी, सचिव मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सोनी, मीडिया प्रभारी मोहित सोनी एवं अरूण सोनी, युगल सोनी, हिमांशु सोनी उपस्थित रहे। कैंप में सेवानिवृत पशु चिकित्सा सहायक डायालाल सोनी, राजीविका से एलआरपी नीलेश पाटीदार, एलएसए प्रेमजी पाटीदार, कैलाश पाटीदार ने विशेष सहयोग प्रदान किया। संयुक्त निदेशक पाठक जी द्वारा पशुओं के लिए दवाई का वितरण किया गया। कैंप में ही टीम द्वारा पीड़ित पशुओं का इलाज किया गया। कुल 200 से अधिक गाय व बैलों का उपचार किया गया। पाठक जी द्वारा यह बताया गया कि लम्पी से मृत पशुओं के शरीर को किस प्रकार निस्तारित किया जाए। इस हेतु विभाग द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर अनुदान दिये जाने की बात की । विजय सिंह जी भाटी द्वारा मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज नवयुवक मण्ड्ल की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई एवं इस हेतु समाज को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज नवयुवक मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सोनी द्वारा ग्रामीणों का एवं उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया। सूर्यकरण सोनी करजी द्वारा स्वच्छता एवं देसी काढ़े के निर्माण हेतु युवाओं से आगे आने का आव्हान किया गया और कार्यक्रम का संचालन किया गया । ये जानकारी महेश सोनी ने दी।




# योगी के मंदिर पर समर्पण की बौछार शुरू



लखनऊ मंडल ब्यूरो रमेश पटेल की रिपोर्ट

नव निर्माण सेना से चढ़ाया गया सवा किलो चांदी का छत्र। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के पूर्ण होने से पहले ही जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का मंदिर बना कर सुर्खियों में आने वाले मसौधा के योगी मंदिर में समर्पण दान की बौछार भी पड़ने लगी है इसकी शुरुआत नव निर्माण सेना की ओर से की गई है जिसने सवा किलो चांदी से बने छत्र को भेंट कर चढ़ाने का काम किया है। बता दे प्रभु राम के मंदिर निर्माण को लेकर गदगद और इसके लिए सीएम योगी आदित्यनाथ को श्रेय देने के कारण इन्हें भगवान का दर्जा देकर एक राम भक्त मसौधा के मौर्य का पुरवा निवासी प्रभाकर मौर्य ने सीएम योगी का मंदिर बनाकर पूजा अर्चना शुरू कर रख्खा है। इसकी जानकारी जानकारी लगते ही नवनिर्माण सेना के राष्टीय अध्यक्ष अमित जानी ने मंदिर पहुंच कर यहां पूजा-अर्चना की और सवा किलो चांदी का छत्र भी चढ़ाया है यह शुरुवात अन्य राम भक्तो के लिए समर्पण के लिए एक नया मार्ग बना सकता है। इस अवसर पर अमित जानी ने कहा कि प्रभाकर मौर्य जी का यह कार्य देश और प्रदेश के लिए गौरव का विषय है. हमें जैसे ही योगी आदित्यनाथ जी का मंदिर बनने की जानकारी मिली हम खुद को रोक नहीं पाए और यहां चले आए। उन्होंने कहा कि संन्यासी, साधू या किसी देवी-देवताओं के मंदिर पर जैसे चढ़ावा चढ़ता है. ठीक उसी प्रकार से यहां भी चढ़ावा चढ़ाया गया है।

# कॉमेडी के नूर मनोरंजन भरपूर - हंसी चिकित्सा के धनी को सैल्यूट

**हंसी हमारे मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का अभूतपूर्व टॉनिक - हंसने से मनुष्य का इम्यूनिटी सिस्टम मज़बूत होता है - एडवोकेट किशन भावनानी**



NA20200930

**गोंदिया** - सृष्टि में मनुष्य की कौशलता, टैलेंट, नेतृत्व कुछ काम ऐसे होते हैं जो खुद उसकी गाथा बन जाते हैं। लफ़्ज़ों की ताकत कहां जो इन्हें बयां कर सके। जब काम बोलता है तो देश को गर्व होता है, ऐसे ही कॉमेडी के नूर मनोरंजन भरपूर हंसी चिकत्सा के धनी चिकित्सक सत्य प्रकाश उर्फ राजू श्रीवास्तव का देहांत 21 सितंबर 2022 को हुआ हालांकि पिछले 41 दिनों से दिल्ली के एम्स में चिकित्सीय जांच के दौरान जग को अलविदा कहे, पर इसका अंदाजा लोगों को नहीं था कि हम इतनी जल्दी हमारे हंसी के चिकित्सक बेताज बादशाह को खो देंगे उनकी शख्सियत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब सुबह उनके निधन की जानकारी मीडिया में आई तो दोपहर होते-होते राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री, मंत्रियों, सियासत से जुड़े पक्ष विपक्ष की तमाम हस्तियां, सिनेमा जगत से जुड़े बड़े-बड़े सितारों कलाकारों से लेकर समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति द्वारा भी दुख का पल महसूस किया गया जिससे हम अंदाज लगा सकते हैं कि इतनी बड़ी शख्सियत थे। बड़े बुजुर्ग कहते हैं यह जग छोड़ कर जाना तो सबके लिए हैं, पर यहां रह जाते हैं उनके द्वारा किए गए कर्म, उनकी वैचारिक क्षमताएं, उनके द्वारा लोगों के दिलों में बनाया गया स्थान है। वाकई प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर राजू श्रीवास्तव के देहांत पर जैसा माहौल देखा उसे सैल्यूट। कद्रदान व्यक्ति के काम को सैल्यूट, आज हम मीडिया रिपोर्ट के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से हंसी के चिकित्सक पर चर्चा करेंगे जिसे सदियों तक दुनिया याद रखेगी।

साथियों बात अगर हम राजु श्रीवास्तव के देहांत की करें तो,10 अगस्त को जिम में वर्कआउट दौरान राजू को दिल का दौरा पड़ा था,जिसके बाद उन्हें एम्स में भर्ती करवाया गया था। बीते 41 दिन से वेंटिलेटर पर मौत से जंग लड़ रहे आखिर अपने प्राण त्याग दिए हैं। उनके मौत की खबर सामने आने के बाद से ही पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। हर कोई नम आंखों से उनको श्रद्धांजलि दे रहा था।उनका पोस्टमॉर्टम हुआ, जिसमें बताया गया है कि उनके शरीर पर कोई भी बाहरी चोट के निशान नहीं है। 41दिनों तक इलाज चलने की वजह से बॉडी पर केवल इंजेक्शन के निशान पाए गए हैं।राजू श्रीवास्तव का पार्थिव शरीर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया था।

साथियों बात अगर हम उनके निधन पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित अनेक लोगों के शोक संदेशों की करें तो, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके निधन पर ट्वीट कर लिखा गया है कि राजू श्रीवास्तव जी का असामयिक निधन बेहद दुखद है। अपनी हास्यपूर्ण प्रस्तुतियों से, दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने की उनमें विलक्षण प्रतिभा थी। राजू श्रीवास्तव के प्रभाव से भारत में हास्य के मंचन को नई पहचान मिली। परिवार के प्रति मेरी शोक संवेदनाएं। पीएम मोदी ने ट्वीट किया हास्य और सकारात्मकता से हमारे जीवन को रोशन किया ऐसे व्यक्त की संवेदनाएं। उनके निधन पर सिनेमा जगत से लेकर सियासत से जुड़ी तमाम हस्तियों ने शोक व्यक्तकिया। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से लेकर यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने संवेदना व्यक्त की है।अभिनेता,कॉमेडियन लेखक तमाम लोगों ने उनके निधन पर प्रतिक्रियाएं दी। उत्तर प्रदेश विधानसभा में कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के निधन पर दो मिनट के लिए मौन रखा गया और दिवंगत आत्मा के लिए प्रार्थना की गई।

साथियों बात अगर हम राजू श्रीवास्तव के कैरियर की शुरुआत की करें तो, कानपुर में जन्में राजू श्रीवास्तव बॉलीवुड में काम करने के लिए मुंबई आए थे। बॉलीवुड में अपने अभिनय करियर की शुरुआत राजू ने साल 1988 में रिलीज हुई फिल्म तेजाब से की थी। उसके बाद राजू ने मैंने प्यार किया, बाजीगर, आमनी अथानी खारचा रुपया, बिग ब्रदर, बॉम्बे टू गोवा जैसी कई बॉलीवुड फिल्मों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

साथियों बात अगर हम हंसी चिकित्सक के अलावा योग्यता की करें तो, वे उत्तर प्रदेश फिल्म कार्पोरेशन के अध्यक्ष भी थे, इसके साथ-साथ भाजपा नेता भी थे। इससे पहले उन्होंने सपा की तरफ से दिए गए टिकट को वापस करते हुए पार्टी पर कुछ आरोप भी लगाए थे। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन्हें 2014 के लोकसभा चुनाव में कानपुर लोकसभा सीट से मैदान में उतारा था। हालांकि बाद में 11 मार्च 2014 को उन्होंने टिकट वापस कर दिया था। जिसके बाद वह 19 मार्च 2014 को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए।

साथियों बात अगर हम हसीं कौशलता थेरेपी के अनेक फायदों की करें तो, हंसना अपने आप में एक गुण है जो सभी विपरीत परिस्थितियों को नजरअंदाज करने खुश रहने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। हंसने की इसी कला के कारण इंसान स्वस्थ बना रहता है क्योंकि परेशानियों को कम समझना और जीवन की छोटी-छोटी खुशियों को जी भर के जीना ही अच्छी सेहत की निशानी है। हंसी के कई फायदे हैं। हसने की वजह से हम अपने दुख भूल जाते है, इससे हमारे स्वास्थ्य में सुधार आता है, तनाव से राहत मिलती है और हमारे विचार सकारात्मक बनते है। हंसना हमारे हृदय के लिए अच्छा है,इससे हमारे रक्त वाहिकाओं के माध्यम से होनेवाले रक्त परिसंचरण में सुधार आता है। हंसी हमारे भय और दर्द को कम करती है।

साथियों जब कोई व्यक्ति खुलकर हंसता मुस्कुराताहै तो उसके शरीर में होने वाली रासायनिक क्रियाएं भी उस पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ती हैं। वैज्ञानिक और चिकित्सीय शोध में यह बात साबित हो चुकी है कि हंसने से मनुष्य का इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत होता है। कोई बीमार व्यक्ति अगर हंसेगा-मुस्कुराएगा तो उसके रोग मुक्त होने की प्रक्रिया में सुधार होता है।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

## महिला अधिकारिता विभाग की साथिनों द्वारा महिलाओं को इंदिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना की दी जानकारी

**मरूधर विशेष / दिनेश लेखी**



**कठूमर।** महिला अधिकारिता विभाग द्वारा गुरूवार को ब्लॉक कठूमर में ग्राम पंचायत कालवाड़ी पर महिला अधिकारिता विभाग की साथिन हेमा शर्मा के द्वारा महिलाओ के साथ एसएचजी की बैठक की गई। जिसमें महिलाओं को इंदिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के बारे में बताया कि महिलाओ को स्वरोजगार के लिए व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से बैंक से इस योजना के तहत ऋण प्राप्त कर सकती है। जिसमे ओबीसी और सामान्य वर्ग के लिए 25 प्रतिशत तथा एससी एसटी के लिए 30 प्रतिशत छूट स्वरूप अनुदान सरकार द्वारा महिलाओ को दिया जाता है। वही ग्राम पंचायत इंद्रा कॉलोनी पर साथिन मंजूदेवी व ग्राम पंचायत मंगोलाकी साथिन अनिता मीना के द्वारा किशोरी बालिकाओं की बैठक की गई जिसमें बालिकाओं को गुड टच बेड टच के बारे में तथा महावारी स्वच्छता व प्रबंधन और उनको बताया की आप के परिवार में यदि कोई बालिका या महिला 8वी 10वी, पढ़कर पढ़ाई छोड़ दी हो उनके लिए हमारे महिला अधिकारिता विभाग की ओर से शिक्षा सेतु नाम से योजना आई है। उसके तहत आवेदन कर निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकती है।

## ग्राम टिटपुरी में साथिन ने महिलाओं के साथ जाजम बैठक कर किया पौधारोपण कार्यक्रम



**मरूधर विशेष / दिनेश लेखी**

**कठूमर।** ब्लॉक कठूमर की ग्राम पंचायत टिटपुरी में साथिन सरोज के द्वारा जाजम बैठक कर पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। साथिन सरोज ने बताया कि टिटपुरी गांव की महिलाओं के साथ जाजम बैठक की गई। साथ ही स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के प्रति महिलाओं को अच्छा खानपान के प्रति जागरूक किया गया। और कुपोषित बच्चो को पोषाहार के नियमित उपयोग के बारे में जानकारी दी गई।

## पदमाडा सेवा सहकारी समिति संचालन मंडल अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित



**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**

**मुंडावर।** सहकारिता विभाग के अधीन संचालित पदमाडा ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड के संचालन मंडल में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सभी सदस्यों की सहमति से निर्विरोध निर्वाचित किए गए अध्यक्ष पद पर हनुमान प्रसाद शर्मा व उपाध्यक्ष पद पर माया देवी को निर्वाचित किया गया। चुनाव अधिकारी शेर सिंह चौधरी ने बताया कि पदमाडा ग्राम सेवा समिति के अधीन ग्राम पदमाडा कला व माजरी खोला के 12वार्ड में से 8 सदस्य को निर्विरोध चुने गए और 3सदस्यों का चुनाव का किया गया तदुपरांत 22सितम्बर को अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होने थे जिसमें सदस्यों ने अपनी सूझबूझ दिखाते हुए सर्व सहमति से अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के पद पर निर्विरोध चुन दिए गए आपको बता दें कि अध्यक्ष पद के लिए पदमाडा से हनुमान प्रसाद शर्मा को वह उपाध्यक्ष के लिए माया देवी को शपथ दिलाई व सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र देख कर शपथ दिलाई और बधाई दी गई। इस मौके पर नरेश सिंह चौहान महावीर प्रसाद यादव राजेंद्र शर्मा पटवारी राम सिंह पूर्ण चंद शर्मा राजकमल शर्मा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## ग्राम बेरका में बालिकाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा के बारे में दी जानकारी

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**



**कठूमर।** ब्लॉक कठूमर की ग्राम पंचायत बेरका में गुरूवार को आंगनवाड़ी केन्द्र संख्या एक पर महिला अधिकारिता विभाग की साथिन रूचि रानी की मौजूदगी में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया गया। साथिन रूचि रानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में एएनएम दोनों केन्द्रो की आशा सहयोगिनी के साथ स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया और बालिकाओ एवं महिलाओं से जुड़ी स्वास्थ्य जांच एनीमिया एवं सामान्य जांच कराई। बालिकाओं को आयरन फोलिक एसिड की गोली वितरण की बालिकाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा के बारे में बताया अच्छा पोषण स्वास्थ्य में सुझाव अधिक से अधिक हरी पत्तेदार सब्जियां खाएं और विटामिन,ए,कुछ संक्रमण से शरीर की रक्षा करता है जैसे कि गाजर , चुकंदर, शलगम, मटर, टमाटर,राजमा, कद्दू, आम, तरबूज,पपीता, चीकू,पनीर,दूध अंडा आदि विटामिन ए के अच्छे स्रोत हैं।महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु पोषण का महत्व बताएं महत्वपूर्ण विटामिन व खनिज ऐसे पांच महत्वपूर्ण विटामिन व खनिज है। जिनके महिलाओं को आवश्यकता होती है। विशेषकर उन महिलाओं के लिए जो गर्भवती हैं। या स्तनपान करा रही है। यह है। लौह तत्व फोलिक एसिड कैल्शियम आयोडीन तथा विटामिन ए इन सभी का नियमित रूप से सेवन करें ।साथ ही विभाग की चल रही योजनाओं के बारे में बताया

# शैक्षिक सम्मेलन हेतु सम्पर्क

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**




**कुशलगढ।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला बांसवाड़ा के 23 एवं 24 सितंबर 2022 को अर्थूना उपशाखा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आंजना में होने वाले जिला शैक्षिक सम्मेलन हेतु उपशाखा कुशलगढ़ के कार्यकताओं द्वारा कुशलगढ़ ब्लॉक के शिक्षकों से व्यापक सम्पर्क किया जा रहा है उपशाखा बैठक के अध्यक्ष पृथ्वीसिंह पड़वाल एवं मन्त्री कन्हैयालाल निनामा ने बताया कि दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन हेतु जिला उपसभाध्यक्ष वरसिह मुनिया एवं दिग्पाल सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में कुशलगढ़ ब्लॉक को चार भागों में बांटकर शिक्षकों को दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन में भाग लेने हेतु नियन्त्रण दिया जा रहा है।कुशलगढ़ उपशाखा के शिक्षक नीलकंठ नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर ( पुराने एसबीआई बैंक चौराहे) में एकत्रित होकर 23 सितंबर को प्रातः 9:00 बजे (आंजना) अरथुना हेतु प्रस्थान करेंगे । इस दो दिवसीय जिला शैक्षिक सम्मेलन में शिक्षकों की विभिन्न समस्यायों एवं शैक्षिक उन्नयन के विषय में वार्ताकारों द्वारा वार्ताएं प्रस्तुत की जाएगी जिसमें नई शिक्षा नीति, टीएसपी नॉन टीएसपी एवं प्रबोधको के स्थानांतरण, निशुल्क पाठ्य पुस्तक, गैर शैक्षिक कार्य, प्राथमिक ,उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पद, एकल शिक्षक विधालय , प्रशिक्षित शिक्षा सहयोगियो को नियमित वेतनमान दिए जाने , विसंगति, एनपीएस ऋण वसूली, कक्षा 1 से 8 तक के बालकों के राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले निशुल्क विद्यालय गणवेश अभी तक नहीं उपलब्ध कराए जाने आदि विषयों पर गहन मंथन कर राज्य सरकार को मांग पत्र प्रस्तुत किया जाएगा । कुशलगढ़ उपशाखा के माधवलाल कटारा, दिव्या पंड्या,तोलचन्द वसुनिया, अशोक जोशी,दौलसिह डामोर, संजय जोशी , भरतकुमार माधविया , अमित चोहान,उरमल डिन्डोर, सुभाष चन्द्र नाहटा, सुरेन्द्र कुमार पटेल, प्रेम सिंह गणावा, पोपटलाल पटेल जसवंतसिंह भरपोडा ,भायालाल हगावणिया, मानसिंह डामोर , विरेन्द्र कुमार चारेल यग्नेश देसाई, जितेन्द्र कुमार बिस्सु द्वारा नियन्त्रण पत्र दिए जा रहे हैं । ये जानकारी दिगपाल सिंह राठौड़ ने दी।

## करनीकोट गांव के युवाओं ने गोमाता की महामारी को देखते हुए एक टीम बनाई जो टीम बनाई,आवारा पशुओं का इलाज कर रही है



**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**

मुंडावर। उपखण्ड छेत्र के ग्राम करनीकोट में गांव के युवाओं ने गायों में फैली महामारी बीमारी को देखते हुए एक टीम बनाई । बाबा जाहरवीर गौ सेवक करनीकोट जिसमे सेवक आवारा व लावारिस गाय को दवा पट्टी करके देशी दवाइयो के लड्डू बनाकर आवारा व लावारिश गायों को खिलाया । पीड़ित गाय का ईलाज कर भी रहे हैं । बाबा जाहरवीर गौ सेवक टीम संदीप शर्मा (गुरु), पंडित जतिन तिवाड़ी, मनीष शर्मा (सहायक पशु चिकित्सक) प्रदीप शर्मा, भाई अजय यादव,धर्मवीर सैन, नरसी यादव, भाई सत्येंद्र फौजी , दीपक स्वामी, अवधेश भारद्वाज ,सुषन मीना, संदीप बसवाला, श्रवण सिंह चौहान, हीरा जांगिड़,अजय यादव नयागांव सहित अनेको गो सदस्य मौजूद रहे ।

## तसई ग्राम सेवा सहकारी समिति में अध्यक्ष रमेश सिंह और उपाध्यक्ष जुम्मा खान हुए निर्विरोध निर्वाचित



**मरूधर विशेष / दिनेश लेखी**

**कठूमर।** तसई ग्राम सेवा सहकारी समिति में अध्यक्ष रमेश सिंह और उपाध्यक्ष जुम्मा खान को निर्विरोध चुना गया निर्वाचन अधिकारी ज्योति सिनसिनवार ने बताया बुधवार को अध्यक्ष के लिये रमेश सिंह और उपाध्यक्ष के लिये जुम्मा खान का नामांकन प्राप्त हुआ। जिन्हे निर्वाचित घोषित कर दिया गया। वही संचालक मंड़ल के बारह सदस्य पहिले निर्विरोध चुन लिया गया। वही पदाधिकारियों तथा 12 सदस्यों को निर्वाचित प्रमाण पत्र दे दिये गये।

## महिला मोर्चा और युवा मोर्चा बीजेपी कार्यकर्ताओं ने शिक्षक के खिलाफ खोला मोर्चा





**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

**बांसवाड़ा।** डुंगरपुर शिक्षक भंवरलाल परमार के द्वारा महिलाओं के खिलाफ अपशब्द बोलने पर और धार्मिक व्रत त्योहार पर अनर्गल मंच पर बोले जाने का विडियो वायरल होने पर भाजपा महिला मोर्चा बांसवाड़ा और युवा मोर्चा संयुक्त तत्वावधान में जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हकरू भाई मईडा, प्रधान निर्मला मकवाना, जिला परिषद सदस्य पिंटू चरपोटा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शीतल भंडारी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपसिंह वसुनिया, अनिता पारगी, ज्योति रावत, नर्मदा मईडा, श्यामा राणा, आशा मईडा, शालिनी जैन, भारती शर्मा, भारती भट्ट, राखी कंसारा, मिल्कियत कोर, पलभा पंड्या, शारदा पंचाल, अभिजीत जैन, अनिल गहलौत, पार्षद दीपिका भावसार, कुसुम जोशी, नुपुर शाह, कमलेश कुंवर शक्तावत, अनुप जैन, किर्तेश चौबिसा आदि उपस्थित रहे। ये जानकारी मिडिया प्रभारी पूजा दवे ने दी

## तिजारा सार्वजनिक अभिनय समाज रामलीला मंचन का शुभारंभ हुआ

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**



तिजारा सार्वजनिक अभिनय समाज तिजारा द्वारा 45 वा रामलीला का मंचन सार्वजनिक बगीची श्री दूधाधारी के रंगमंच पर आज प्रारंभ होगा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने बताया 21 सितंबर को गणेश पूजन के साथ रामलीला मंचन का आयोजन प्रारंभ हुआ जिसमें मुख्य अतिथि तिजारा विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव रहे अध्यक्षता प्रीतम सिंह दायमा भिवाड़ी पार्षद नेकी। कार्यक्रम में ओम प्रकाश गुप्ता पूर्व चेयरमैन कमलेश सैनी पार्षद विशंभर दयाल सैनी हवा सिंह दायमा शिव दयाल सैनी अनिल पार्षद सैनी समाज प्रधान कृष्ण सैनी आदि लोग मौजूद रहे। जिसमें कार्यक्रम 21 सितंबर को गणेश पूजन से लेकर 6 अक्टूबर भरत मिलाप पर समापन होगा। निर्देशक सुधांशु गौतम ने बताया सभी कलाकार एक महीने से अपनी अपनी तैयारी पर लगे हुए थे राम की भूमिका में राकेश सैनी सीता की भूमिका में उमंग जैन लक्ष्मण की भूमिका में विपिन शर्मा भरत की भूमिका में राघव शर्मा शत्रुघ्न की भूमिका में नमन सैनी रावण की भूमिका में ओम प्रकाश सोनी व राकेश खेड़ापति हनुमान की भूमिका में महावीर शर्मा दशरथ की भूमिका में गोविंद गुप्ता कैकई की भूमिका में सुधांशु गोतम उपाध्यक्ष जस्सू महाराज ने बताया रामलीला की पूरी तैयारी कर ली गई समस्त कलाकार अपने-अपने भूमिका निभाने के लिए एक महीना पूरी तैयारी कर रहे हैं ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया बाहर के कलाकार के द्वारा संगीत गायक लेखराज बेनीवाल गोवर्धन से डांसर गोपाल शर्मा राधे एवं शेरसिंह अपने कलाओं से दर्शकों को मनोरंजन के रूप में कला का प्रदर्शन करेंगे ओम प्रकाश गुप्ता महावीर प्रसाद शर्मा शिवचरण सैनी मनोज मिश्रा राजेश कौशिक दीपेश लखेरा नितीश सिंधी देवेंद्र खेड़ापति गोविंद शर्मा गोविंद गुप्ता कपिल गुप्ता विजय जांगिड़ गंगाराम जांगिड़ सुधांशु गोतम महंत जस्सू महाराज, राजेश शर्मा राजेश भारद्वाज जगन सैनी डॉ विनोद भारद्वाज राजेश कौशिक रामगोपाल लखेरा आदि कलाकार मौजूद रहेंगे।

## तिजारा कमल महोत्सव की तैयारी के लिए बैठक का आयोजन हुआ

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**



तिजारा 25 सितंबर को आयोजित होने वाले कमल महोत्सव की तैयारियों के लिए हर बुथ पर कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे प्रत्येक बुथ पर अध्यक्षता में कार्यक्रम होंगे। कमल महोत्सव हर घर भाजपा के बेनर होर्डिंग और स्टीकर रंगोली बनाकर मनाया जाएगा । मंडल प्रभारी दिनेश यादव युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं की बैठक मंडल अध्यक्ष बनेसिंह बिधूड़ी की अध्यक्षता में हुई।जिसमे महामंत्री कपिल गुप्ता,विवेक शर्मा, वीरेंद्र सैनी मण्डल उपाध्यक्ष, राहुल यादव, सुन्दर चोधरी योगेश कुमार, राकेश कुमार निरंजन सैन, युवा मोर्चा अध्यक्ष, राजु गुप्ता, महावीर, बाबुलाल यादव, विक्रम सिंह, हिमांशु कटारिया,जसवंत सैनी,राजू आडवाणी,बने सैनी,पंकज जैन,कमल बिधूड़ी,भजन चावड़ा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जादूगर ने पंचमुखी हनुमान मन्दिर कमेटी के सदस्यों का अपने जादू मंच पर किया भव्य स्वागत



**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**

**बहरोड़।** दुनियाभर में अपनी जादू कला का लोहा मनवा चुके प्रसिद्ध राठ क्षेत्र के मायावी इंद्रजाल ओर तिलिस्मी जादू के खिलाड़ी जादूगर शिवकुमार के बहरोड़ कस्बे के विक्रम टॉकीज में चल रहे मेजिक शो में जादूगर ने गुरुवार को पंचमुखी हनुमान मन्दिर निशुल्क भोजन सेवा समिति के सदस्यों को सम्मानित किया। जादूगर शिवकुमार के निजी मीडिया प्रभारी संजय बागड़ी ने बताया कि गुरुवार को दोपहर एक बजे वाले शो में जादूगर शिवकुमार ने पंचमुखी हनुमान मन्दिर निशुल्क भोजन सेवा समिति के अध्यक्ष सीताराम गुप्ता,पंचमुखी हनुमान मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष कैलाश चन्द तिवाड़ी,सुरेश गुप्ता एईएन विद्युत विभाग,सुनील अग्रवाल,शिवकुमार शर्मा,श्योताज सिंह यादव डीसी आदि कमेटी सदस्यों का माला पहनाते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत सम्मान किया। वहीं कमेटी सदस्यों ने राम दुपट्टा पहनाते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर जादूगर का सम्मान किया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि जादूगर शिवकुमार राठ क्षेत्र के वो हीरे हैं जिसकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ने वाली वहीं उनके मेजिक शो के दौरान कहीं कोई अश्लीलता नहीं है साथ है यह सामाजिक संदेशों से भरा एक परिवारिक शो है जिसे व्यक्ति अपने परिवार के साथ बैठकर देख सकता है।

## दारोदा ग्राम सेवा सहकारी समिति में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्विरोध हुआ निर्वाचन



**मरूधर विशेष / दिनेश लेखी**

**कठूमर।** दारोदा ग्राम सेवा सहकारी समिति में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्विरोध निर्वाचन समपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी मनोज सोनी ने बताया कि अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर बाबूलाल पाराशर एव उपाध्यक्ष पद पर अशोक कुमार शर्मा निर्विरोध निर्वाचित किये। व्यवस्थापक महोदय रमेश चंद शर्मा भी उपस्थित रहे। दारोदा सरपंच मानसिंह मीना ने सभी नव निर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष और संचालक मंडल सदस्यों का साफा पहना कर स्वागत किया गया।